भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये

ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000

Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

झारखण्ड JHARKHAND



"केवाला दलील"

केवाला दातागण :- (1) श्री राखोहरि भट्टाचार्य, (2) श्री मृत्युंजय भट्टाचार्य, पिता - स्व० मधुसुदन भट्टाचार्य, जाति ब्राह्मण, पेशा व्यवसाय, निवास ग्राम + पो0 - सतनपुर, थाना - पिण्ड्राजोरा, जिला बोकारो के तरफ से निबंधित क्षमता प्राप्त प्रतिनिधि फरीद खान, पिता - मृत हानीफ खान, जाति पठान, पेशा व्यवसाय, निवास ग्राम + पो0 - नारायणपुर, थाना - पिण्ड्राजोरा, जिला बोकारो। (Vide general power of attorney no. 310 dated 04.05.2013 registered at Chas R.O)

(यह कि मैं घोषणा करता हूँ कि इस दस्तावेज के बिक्रेतागण सरकार का अधिसूचना संख्या 5423 दिनांक 23.06.1962 के तहत सीएनटी एक्ट की धारा 46 (1) (बी) के सूची से वाहर है)

केवाला ग्रहिता:- श्रीमती रीता देवी, आधार नं0 9728 8160 4178, पति - श्री मथुरा प्रसाद, जाति घमैला कुर्मी, पेशा गृहस्थी, निवास सा0:- पटेल नगर चास, थाना - चास, जिला - बोकारो। (झारखंड)। "भारतीय"

लेख्य प्रकार - बिक्रय पत्र (Absolute Sale Deed)

मूल्य:- 1,00,000/ रुपये (एक लाख रुपये)। मौजा नारायणपुर के अन्दर रकवा 07 डि0 (सात डिसमिल) मात्र जमीन। जिसका सालाना खारीज लगान 07 पैसा अलावे शेष। जमीन मालिक झारखंड सरकार अंचल कार्यालय चास।

रीता देवी

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

झारखण्ड JHARKHAND 021041

**जमीन किस्म**:- रास्ता के बगल में आवासीय योग्य खाली जमीन है।
**हल्का**:- चास अंचल का हल्का नं0 07 में अवस्थित हैं।

**तफशील**: - जिला बोकारो, जिला सदर रजिस्ट्री ऑफिस चास, बोकारो, थाना पिण्ड्राजोरा, अंतर्गत 33 नं0 थाना भुक्त मौजा नारायणपुर के अन्दर हमलोग के चाचा स्व0 जगबंधु भट्टाचार्य जो शादी सुदा विहीन एवं पुत्र - कन्या विहीन थे के नाम से विगत दिनांक 21.01.1965 तारीख का 697 नं0 केवाला दलील के द्वारा सहदेव पडिरा के पास से धनबाद निबंधन कार्यालय का निबंधित रैयती किस्म की जमीन है जो लेख्यकारीयों को वारिसन सुत्र से प्राप्त हुआ है एवं लेख्यकारीयों को जगबंधु भट्टाचार्य के मृत्यु के बाद से आज तक लेख्यकारीयों को निर्विवाद रुप से शांति पूर्वक आज तक दखल में है जिसका खाता नं0 130 (एक सौ तीस) शामिल प्लॉट नं0 3594 (तीन हजार पाँच सौ चौरानब्बे) कुल रकवा में से रकवा 02 डि0 तथा प्लॉट नं0 3595 (तीन हजार पाँच सौ पंचानब्बे) में रकवा 05 डि0, इस तरह कुल दो प्लॉट में रकवा 07 डि0 (सात डिसमिल) मात्र जमीन आज आपके हाथ बेचकर सदा के लिए निःसत्व हुआ एवं आज ही से दखल कब्जा दिया। जिसका चौहद्दीः- उत्तर - दाता का निज, दक्षिण - प्लॉट नं0 3595 नं0 का शेष भाग, पूरब - 12 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिम - प्लॉट नं0 3594 एवं 3595 का शेष भाग है। जो कि साथ में नक्शा नत्थी किया हुआ R/1 चिन्हित जमीन जो कि लाल रंग से रंगाकर दिखलाया गया है। संलग्न नक्शा के मुताविक बिक्रीत जमीन का माप उत्तर बाजु 68 फीट 02 इंच, दक्षिण बाजु 68 फीट 02 इंच, पूरब बाजु 44 फीट 09 इंच तथा पश्चिम बाजु 44 फीट 09 इंच है।

सीता देवी

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

झारखण्ड JHARKHAND

021042

चूँकि बिक्रय केवाला दलील का विवरण है कि हमलोगों के अपनी घरेलु खर्च एवं अन्यान्य संसारिक खर्च हेतु रुपये की विशेष आवश्यकता आ जाने पर आज हमलोगों नें आपसे उक्त तफशीलोक्त जमीन का सर्वोच्च समयोचित मूल्य 1,00,000/ रुपये (एक लाख रुपये) धार्य कर बिक्री करने का प्रस्ताव करने पर आप उतने ही मूल्य में खरीदने को राजी होने पर आज आपसे हमलोग उक्त सम्पत्ति का उपरोक्त कुल धार्य नगद लेकर यह बिक्रय केवाला दलील लिखकर हमलोग अपना - 2 जमीन का हक व अधिकार, दखल कब्जा यानी पूरा-पूरा मिलकियत आज आपके हाथ हस्तांतरण कर सदा के लिए वारिशन सहित निःसत्व हुआ। आप आज तारीख से उक्त बिक्रित सम्पत्ति का सालाना खारीज लगान उपरोक्त के हिसाब से साल-साल वर्तमान मालिक जमींदार झारखंड सरकार के हाथ में आदाय देकर आप अपना नाम से मालगुजारी रसीद आदि लेकर दान, बिक्रय, हस्तान्तरण आदि का स्वामित्व हासिल कर कच्चा - पक्का मकान, कुँआ, बाग - बगीचा आदि करके या अपनी इच्छानुसार जैसा चाहे करके पुत्र-पौत्रादि सह वंश परम्परा में परम सुख से भोग दखल करते रहेंगे। इसमें हमलोगों का या हमलोगों के उत्तराधिकरियों में से किसी का कुछ भी हक व अधिकार न होगा और करने पर बिलकुल ही नाजायज समझा जायेगा। यह कि बिक्रित जमीन इससे पूर्व किसी दूसरे के हाथ एग्रीमेंट, दान, बिक्रय आदि नही किया हुआ है एवं किसी संस्था आदि से ऋण-भार आदि भी नही किया हुआ है तथा किसी भी न्यायालय में मुकद्दमा आदि भी नही हैं। इस तरह उक्त सम्पत्ति बिलकुल ही पाक व साफ अवस्था में आज आपके हाथ हस्तांतरण किया तथापि यदि भविष्य में उक्त बिक्रित जमीन के बावत किसी भी प्रकार का त्रुटि प्रमाण हो तो हमलोग उपरोक्त मूल्य सहित सम्पूर्ण क्षति पूर्ति का भुगतान करने को बाध्य होंगे।

सीतादेवी

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

झारखण्ड JHARKHAND

021043

[illegible] 15/7/14

अतः हमलोग अपनी-2 शरीर और मन की स्वस्थ अवस्था मे सोंच समझ कर बिना किसी जोर व दबाव में उक्त सम्पत्ति का कुल मूल्य समझ बुझ एवं पाकर एवं इस दस्तावेज को पढकर/पढवाकर एवं सुन कर अपना सही/निशान कर यह बिक्रय केवाला दलील सम्पादन कर दिया। जो कि समय पर काम आवे तथा प्रमाण रहें। इति अंग्रेजी सन 2014 साल ता0:- 15 जुलाई।

प्रारुप कर्ताः (केवाला दाता एवं ग्रहिता के कथानानुसार प्रारुप तैयार किया) [signature] श्री गंगाधर महतो, सा0 चास दस्तावेज लेखक, ला0 नं0 11/सन 1977 है।

प्रत्येक व्यक्ति जिसका छाया चित्र इस दस्तावेज में लगा है, के बाँयें अंगुलियों के निशान मेरे सामने लिये गये हैं।

क्रेता का ह0 व निशान छाया चित्र सहित (पढ / सुन लेकर):



सीता देवी
15/7/14

गवाहगण

1. रतन बाउरी पिता स्व- [illegible] बाउरी
ग्राम - नारायणपुर पो0 नारायणपुर
15/7/14

2. Santosh Kr. Singh
S/o- Shiv Narayan Singh
Patel Nagar (Chas)
15/7/14